**शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार**

**अभ्यास पत्र**

**कक्षा XI**

**अर्थशास्त्र (030)**

**सत्र - (2025-26)**

**निर्धारित समय : 3** घंटे **अधिकतम अंक - 80**

**सामान्य निर्देश :-**

1. इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं:
   खंड अ - अर्थशास्त्र में सांख्यिकी
   खंड ब - व्यष्टि अर्थशास्त्र
2. इस प्रश्न **पत्र** में 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक 1 अंक के हैं।
3. इस प्रश्न **पत्र** में 4 अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं और तीन अंक के हैं और इनमें से प्रत्येक के उत्तर 60 से 80 शब्दों में दीजिए।
4. इस प्रश्न **पत्र** में 6 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं और चार अंक के हैं इनमें से प्रत्येक के उत्तर 80 से 100 शब्दों में दीजिए।
5. इस प्रश्न **पत्र** में 4 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं और छः अंक के हैं इनमें से प्रत्येक के उत्तर को 100 से 150 शब्दों में दीजिए।

| प्र. सं. | **खंड - अ (अर्थशास्त्र में सांख्यिकी)** | **अंक** |
|---|---|---|
| 1. | निम्नलिखित कथनों को पढिये - कथन (1) और कथन (2), दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए ।<br><br>**कथन (1)** - सांख्यिकी आँकड़ों के समूह को कुछ संख्यात्मक मापों के रूप में संक्षिप्त करने में सहायता करती है ।<br>**कथन (2**) - जब आर्थिक तथ्यों को सांख्यिकीय रूप में व्यक्त किया जाता है तब वे यथार्थ तथ्य बन जाते हैं ।<br><br>**विकल्प:**<br>क. कथन (1) और कथन (2) दोनों सत्य हैं।<br>ख. कथन (1) और कथन (2) दोनों असत्य हैं।<br>ग. कथन (1) सत्य है लेकिन कथन (2) असत्य है।<br>घ. कथन (1) असत्य है लेकिन कथन (2) सत्य है। | 1 |
| 2. | यह विधि तभी उपयोग में लाई जाती है जब शोधकर्ता सभी सदस्यों के पास जा सकता है ।<br>**(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)**<br>**विकल्प: -**<br>क. वैयक्तिक साक्षात्कार<br>ख. डाक द्वारा सर्वेक्षण<br>ग. टेलीफोन साक्षात्कार<br>घ. दोनों (ख) तथा (ग) | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | वर्गीकृत आँकड़ों में आगे का सांख्यिकीय परिकलन ________आधारित होता है :-<br>**(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)**<br>**विकल्प: -**<br>क. प्रेक्षणों के वास्तविक मानों पर<br>ख. उच्च वर्ग सीमाओं पर<br>ग. निम्न वर्ग सीमाओं पर<br>घ. वर्ग के मध्य बिंदुओं पर | 1 |
| 4. | असत्य युग्म का चयन कीजिए:-<br><br>\| \| **कॉलम I** \| \| **कॉलम II** \|<br>\| अ \| अंकगणितीय रेखा चित्र \| (i) \| काल श्रेणी आलेख \|<br>\| ब \| वृत आरेख \| (ii) \| घटक आरेख \|<br>\| स \| स्थानिक वर्गीकरण \| (iii) \| ज्यामितीय आरेख \|<br>\| द \| तोरण \| (iv) \| संचयी आवृत्ति वक्र \|<br><br>**विकल्प:-** **(सही विकल्प का चयन कीजिए।)**<br>क. अ) - (i)<br>ख. ब) - (ii)<br>ग. स) - (iii)<br>घ. द) - (iv) | 1 |
| 5. | निम्लिखित कथनों को पढिये – अभिकथन (A) और कारण (R)- सही विकल्प का चयन कीजिए ।<br><br>**अभिकथन (A)** – 1993-94 को आधार मानते हुए मार्च 2025 में थोक कीमत सूचकांक 189.1 और सामान्य कीमत स्तर में 89.1% की वृद्धि दर्ज की गई।<br>**कारण (R)** - थोक कीमत सूचकांक सामान्य कीमत स्तर में परिवर्तन का संकेत देता है।<br><br>**विकल्प:-**<br>क. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन की सही व्याख्या करता है \|<br>ख. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं करता है \|<br>ग. अभिकथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है \|<br>घ. अभिकथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है \| | 1 |
| 6. | असत्य कथन की पहचान कीजिए :-<br>**(सही विकल्प का चयन कीजिए।)**<br>**विकल्प:-**<br>क. यदि r = 0 तो दो चरों मे रेखीय संबंध नहीं होता है।<br>ख. यदि r = +1 या r = -1 तो सहसंबंध पूर्ण होता है।<br>ग. r का निम्न मान सुदृढ़ रेखीय संबंध को दर्शाता है।<br>घ. r का मान -1 तथा +1 के बीच स्थित होता है। | 1 |

7. चित्र का अध्ययन कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए:- 1




**विकल्प:-**

क. उपभोक्ता निर्वाह सूचकांक
ख. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक
ग. कृषि उत्पादन सूचकांक
घ. संवेदी सूचकांक

**दृष्टि -बाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या (7) के स्थान पर :-**

उपभोक्ता कीमत सूचकांक किस में परिवर्तन को मापता है :-

**(सही विकल्प का चयन कीजिए।)**

**विकल्प:-**

क. खुदरा कीमत
ख. थोक कीमत
ग. उत्पादकों की कीमत
घ. उपरोक्त में से कोई नहीं

---

8. दिए गए मानों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 1

30, 40, 60, 90, 100, 200

(i) माध्यिका का मान ज्ञात कीजिए।
(ii) यदि आँकड़ा सम्मुचय में मान 200 नहीं हो तो माध्यिका क्या होगा ?
(iii) यदि 90 के स्थान पर 100 हो तो माध्यिका का मान क्या होगा ?

**(सही विकल्प का चयन कीजिए।)**

**विकल्प:-**

क. 75, 60, 100
ख. 75, 60, 80
ग. 60, 80, 75
घ. 75, 80, 60

---

9. निम्लिखित कथनों को पढिये – अभिकथन (A) और कारण (R)- सही विकल्प का चयन कीजिए । 1

**अभिकथन (A)** - समांतर माध्य वितरण के सभी मानों पर आधारित होता है।
**कारण (B)**- समांतर माध्य से मानों के विचलनों का योग शून्य होता है।

**विकल्प:-**

क. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन की सही व्याख्या करता है |
ख. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं करता है |
ग. अभिकथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है |
घ. अभिकथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है |

10. यदि $r_{xy}$ धनात्मक है तो x और y के बीच के संबंध के सन्दर्भ में सही विकल्प का चयन कीजिए:- 1

**विकल्प:-**

क. जब y बढ़ता है तो x बढ़ता है।
ख. जब y घटता है तो x बढ़ता है।
ग. जब y बढ़ता है तो x नहीं बदलता।
घ. जब x बढ़ता है तो y नहीं बदलता।

11. सांख्यिकी विधियाँ सामान्य बुद्धि का स्थानापन्न नहीं होती, टिप्पणी कीजिए। 3

12. दिए गए आँकड़ों से माध्यिका ज्ञात कीजिए। 3

| **भूमि का आकार (एकड़ में)** | **परिवारों की संख्या** |
|---|---|
| 100 से कम | 40 |
| 100-200 | 89 |
| 200-300 | 148 |
| 300-400 | 64 |
| 400 से अधिक | 39 |

**अथवा**

दिए गए आँकड़ों से बहुलक की गणना कीजिए 3

| वर्ग अंतराल | बारंबारता |
|---|---|
| 0-50 | 15 |
| 50-100 | 20 |
| 100-150 | 18 |
| 150-200 | 25 |
| 200-250 | 22 |

13. यादृच्छिक प्रतिचयन तथा अयादृच्छिक प्रतिचयन में अंतर स्पष्ट कीजिए। 4

14. (A) 40 परिवारों का कपड़ों पर मासिक घरेलू व्यय (रुपये में) दिया गया है:-

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 750 | 1100 | 2050 | 890 | 1500 | 1250 | 680 |
| 1300 | 1700 | 3100 | 2950 | 950 | 1600 | 2300 |
| 850 | 1050 | 1400 | 1150 | 1800 | 920 | 1120 |
| 1450 | 1020 | 2150 | 2400 | 3500 | 1650 | 1200 |
| 980 | 1080 | 780 | 1220 | 1900 | 1030 | 2200 |
| 2100 | 1350 | 1090 | 2800 | 1380 | | |

| | | |
|---|---|---|
| | (i) उपरोक्त आँकड़ों को वर्गीकृत कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-<br>(ii) उन परिवारों की संख्या ज्ञात कीजिए जिनका कपड़ों पर मासिक व्यय है:-<br>a) ₹1000 से कम और ₹2500 से अधिक<br>b) ₹800 और ₹1500 के बीच<br>**अथवा**<br>(B) वर्गीकृत आँकड़ों में सूचना की क्षति का क्या अर्थ है? | 2<br><br>2<br><br><br>4 |
| 15. | 2010 और 2024 के दौरान एक महानगरीय क्षेत्र के पेंशनभोगियों के एक समूह द्वारा निम्नलिखित मदों पर किया गया मासिक प्रति व्यक्ति व्यय नीचे दिया गया है। इन मदों का भार क्रमशः 60, 15, 10, 8 और 7 है। 2010 को आधार मानकर 2024 के लिए जीवन निर्वाह लागत का भारित सूचकांक तैयार कीजिए। | 4 |
| 16. | (A) नीचे दिए गए छात्रों (X) द्वारा प्रति सप्ताह अध्ययन किए गए घंटों और उनके परीक्षा स्कोर (Y) के बीच कार्ल पियर्सन के सह-संबंध गुणांक की गणना कीजिए: - | 6 |

| मदें | 2010 में कीमत | 2024 में कीमत |
|---|---|---|
| चिकित्सा | 150 | 240 |
| मनोरंजन | 50 | 75 |
| परिवहन | 40 | 60 |
| इंटरनेट | 20 | 25 |
| कर | 10 | 15 |

| X | 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 10 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Y | 75 | 82 | 70 | 88 | 80 | 92 | 95 | 83 |

**अथवा**

(B) दी गई तालिका के स्पीयरमैन रैंक सहसंबंध की गणना कीजिए: - 6

| X | 25 | 45 | 35 | 40 | 15 | 19 | 35 | 42 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Y | 55 | 80 | 30 | 35 | 40 | 42 | 36 | 48 |

17 .

(A) लास्पीयर और पाश्चे के सूचकांक में क्या अंतर है? 2

(B) सहसंबंध ज्ञात करने की प्रकीर्ण आरेख विधि के एक गुण और एक अवगुण बताइए। 2

(C) केंद्रीय प्रवृत्ति के माप से आप क्या समझते हैं? इसके दो मुख्य उद्देश्य बताइए। 2

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड - ब (व्यष्टि अर्थशास्त्र)** | |
| 18. | निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प उस मूलभूत आर्थिक समस्या का सबसे अच्छा वर्णन करता है जिसका मुख्य रूप से समाधान व्यष्टि अर्थशास्त्र करता है:-<br><br>**(सही विकल्प का चयन कीजिए।)**<br>**विकल्प:-**<br>क. अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति और बेरोजगारी।<br>ख. मुद्रा की कुल पूर्ति और ब्याज दरों के बीच संबंध।<br>ग. बाजार में किसी वस्तु का मूल्य कैसे निर्धारित किया जाता है?<br>घ. किसी देश का सकल घरेलू उत्पाद वर्ष दर वर्ष कैसे बदलता है? | 1 |
| 19. | निम्लिखित कथनों को पढिये – अभिकथन (A) और कारण (R)- सही विकल्प का चयन कीजिए ।<br><br>**अभिकथन (A)** - खाद्यान्नों के लिए माँग की कीमत बेलोचदार होती है।<br><br>**कारण (R)** - खाद्यान्नों की कीमतों में परिवर्तन इन वस्तुओं की माँग पर अधिक प्रभाव डालती है।<br><br>**विकल्प:-**<br>क. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन की सही व्याख्या करता है।<br>ख. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>ग. अभिकथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।<br>घ. अभिकथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है। | 1 |
| 20. | सही सूत्र का चयन कीजिए :-<br><br>क. MC = $\Delta TC/\Delta Q$<br>ख. MC = $\Delta TFC/\Delta Q$<br>ग. MC = $TC_N - TC_{N-I}$<br>घ. MC = $TC_{N-I} - TC_N$ | 1 |
| 21. | निम्नलिखित कथनों को पढिये - कथन (1) और कथन (2), दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :-<br><br>**कथन (1)** - प्रति इकाई कर लगाने से फर्म का पूर्ति वक्र बाई और खिसक जाता है।<br><br>**कथन (2)** - आगतों की कीमतों में वृद्धि से फर्म का पूर्ति वक्र दाहिनी और खिसक जाता है।<br><br>**विकल्प:**<br>क. कथन (1) और कथन (2) दोनों सत्य हैं।<br>ख. कथन (1) और कथन (2) दोनों असत्य हैं।<br>ग. कथन (1) सत्य है लेकिन कथन (2) असत्य है।<br>घ. कथन (1) असत्य है लेकिन कथन (2) सत्य है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 22. | *असत्य* युग्म का चयन कीजिए:- | 1 |

| | कॉलम I | | कॉलम II |
|---|---|---|---|
| अ | औसत लागत (AC) | (i) | AVC + AFC |
| ब | औसत बंधी लागत (AFC) | (ii) | नीचे की ओर ढलान वाला |
| स | औसत परिवर्ती लागत (AVC) | (iii) | 'U' आकार |
| द | कुल लागत (TC) | (iv) | 'U' आकार |

**विकल्प:-** **(सही विकल्प का चयन कीजिए।)**

क. (अ) - (i)
ख. (ब) - (ii)
ग. (स) - (iii)
घ. (द) - (iv)

| | | |
|---|---|---|
| 23. | एक प्रिंटिंग प्रेस अपने यहाँ कार्यरत श्रमिकों की संख्या के आधार पर अपने दैनिक उत्पादन का रिकॉर्ड रखती है, जैसा कि तालिका में दिखाया गया है:- | 1 |

| श्रमिकों की संख्या | कुल उत्पादन |
|---|---|
| 2 | 40 |
| 3 | 75 |
| 5 | 145 |

उपरोक्त आँकड़ों के आधार पर, पाँचवें श्रमिक का सीमांत उत्पाद (Marginal Product) __________तथा तीन श्रमिकों का औसत उत्पाद (Average Product) ______________ है।

**विकल्प:-** **(सही विकल्प का चयन कीजिए।)**

क. 28, 25
ख. 25, 35
ग. 35, 28
घ. 35, 25

| | | |
|---|---|---|
| 24 | पूर्ण प्रतिस्पर्धात्मक बाजार में :- | 1 |

**विकल्प:-** **(सही विकल्प का चयन कीजिए।)**

क. औसत संप्राप्ति (AR) > सीमांत संप्राप्ति (MR)
ख. औसत संप्राप्ति (AR) = सीमांत संप्राप्ति (MR)
ग. औसत संप्राप्ति (AR) < सीमांत संप्राप्ति (MR)
घ. कुल संप्राप्ति (TR) = कीमत

| | | |
|---|---|---|
| 25. | एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था में, मक्का उत्पादकों की सुरक्षा के लिए, सरकार मक्का का बाज़ार मूल्य ₹15 प्रति किलोग्राम (kg) निर्धारित करती है, जो बाजार संतुलन कीमत ₹10 प्रति किलोग्राम (kg) से अधिक है। इस नीति का सबसे संभावित परिणाम क्या है?<br><br>**विकल्प:-** **(सही विकल्प का चयन कीजिए।)**<br>क. उत्पादक मक्का की खेती से हटकर अन्य फसलों की ओर रुख करेंगे।<br>ख. बाजार में मक्के की कमी होगी, जिससे कालाबाजारी शुरू हो जाएगी।<br>ग. माँग में तात्कालिक वृद्धि होगी और बाजार में मक्के की कीमतें स्थिर हो जाएगी।<br>घ. सरकार को उत्पादकों से अधिशेष मक्का खरीदना होगा। | 1 |
| 26. | निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता पूर्ण प्रतियोगिता में नहीं पायी जाती।<br><br>**विकल्प:-** **(सही विकल्प का चयन कीजिए।)**<br>क. फर्मों का निर्बाध प्रवेश तथा बहिर्गमन<br>ख. संतुलन कीमत = औसत लागत<br>ग. फर्म कीमत स्वीकारक होती है।<br>घ. बाज़ार का पूर्ण ज्ञान | 1 |
| 27. | निम्लिखित कथनों को पढिये – अभिकथन (A) और कारण (R)- सही विकल्प का चयन कीजिए ।<br><br>**अभिकथन (A)** - जब सरकार उत्पादकों पर कर लगाती है, तो वस्तु का पूर्ति वक्र दाईं ओर खिसक जाता है।<br>**कारण (R)** - किसी वस्तु की पूर्ति में वृद्धि से उसकी संतुलन कीमत में गिरावट आती है।<br><br>**विकल्प:-**<br>क. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन की सही व्याख्या करता है \|<br>ख. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं करता है \|<br>ग. अभिकथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है \|<br>घ. अभिकथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है \| | 1 |
| 28. | रूपांतरण की सीमांत दर क्या है? एक उदाहरण की सहायता से समझाइए।<br>**अथवा**<br>सकारात्मक अर्थशास्त्र और आदर्शत्मक अर्थशास्त्र में अंतर बताइए। | 3 |
| 29. | संबंधित वस्तुओं की कीमत में वृद्धि का वस्तु-X की माँग पर पड़ने वाले प्रभावों को स्पष्ट कीजिए। | 3 |
| 30. | दो वस्तुओं के संदर्भ में उपयोगिता विश्लेषण की सहायता से उपभोक्ता संतुलन की शर्तों की व्याख्या कीजिए।<br>**अथवा**<br>निम्नलिखित कथनों की उचित कारण सहित पुष्टि कीजिए।<br>a) एक उपभोक्ता के दो अनधिमान वक्र (IC) एक दूसरे को प्रतिच्छेद नहीं करते।<br>b) निम्नस्तरीय (निकृष्ट) वस्तुओं का आय प्रभाव ऋणात्मक होता है। | 4<br><br><br>2<br>2 |
| 31. | सीमांत आगम को परिभाषित कीजिए। एक संख्यात्मक उदाहरण के साथ औसत आगम और सीमांत आगम के बीच संबंध स्पष्ट कीजिए। | 4 |
| 32. | उच्चतम कीमत निर्धारण पर एक संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए। | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| 33. | (A)<br>(i) बजट सेट और बजट रेखा के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।<br>(ii) एक उपभोक्ता केवल दो वस्तुओं X और Y का उपभोग करता है, दोनों की कीमत ₹5 प्रति इकाई है। यदि उपभोक्ता इन दोनों वस्तुओं का संयोजन चुनता है जिसकी सीमांत प्रतिस्थापन दर (MRS) 1.5 के बराबर है, तो क्या वह संतुलन में है? कारण बताइए। इस स्थिति में एक विवेकशील उपभोक्ता क्या करेगा? व्याख्या कीजिए।<br>**अथवा**<br>(B)<br>(i) माँग वक्र का ढलान ऋणात्मक क्यों होता है?<br>(ii) वस्तु X और वस्तु Y की माँग की कीमत लोच बराबर है। वस्तु X की कीमत में 10 प्रतिशत की गिरावट के कारण इसकी माँग 50 इकाइयों से बढ़कर 80 इकाई हो जाती है। यदि वस्तु Y की कीमत में 6 प्रतिशत की गिरावट आती है, तो वस्तु Y की माँग में प्रतिशत वृद्धि की गणना कीजिए। | 3<br>3<br><br><br><br><br>3<br>3 |
| 34. | **दी गई प्राक्कल्पनात्मक केस स्टडी को ध्यान पूर्वक पढ़िए और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।**<br><br>एक लंबे देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान, एक प्रमुख सीमेंट निर्माण कंपनी, भारत सीमेंट्स लिमिटेड (Bharat Cements Ltd.), को उत्पादन बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा। प्रतिबंध हटने के बाद, आवास और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की रुकी हुई माँग के कारण निर्माण क्षेत्र में भारी उछाल (massive boom) आया। इससे सीमेंट की बाजार कीमतों में ₹ 300 से बढ़कर ₹ 400 प्रति बोरी तक की उल्लेखनीय वृद्धि हुई।<br>भारत सीमेंट्स ने उत्पादन बढ़ाकर इस उछाल पर प्रतिक्रिया दी। प्रबंधन ने गौर किया कि यद्यपि उसकी कुल बंधी लागत (Total Fixed Costs - TFC) अपरिवर्तित रही, लेकिन श्रम की कमी, उच्च ईंधन कीमतें, और निष्क्रिय पड़ी मशीनरी के लिए बढ़ी हुई रखरखाव लागत जैसे कारकों के कारण उसकी उत्पादन की सीमांत लागत (Marginal Cost - MC) तेज़ी से बढ़ी। फर्म का उद्देश्य लाभ को अधिकतम करना है।<br><br>**प्रश्न:-**<br><br>(i) सीमेंट के बाजार मूल्य में वृद्धि की प्रतिक्रिया में भारत सीमेंट्स लिमिटेड ने सीमेंट उत्पादन में वृद्धि की, के अंतर्गत प्रदर्शित नियम को बताइए और व्याख्या कीजिए।<br><br>(ii) यदि ईंधन की कीमतों और रखरखाव लागतों में वृद्धि होती रहती है (जैसा कि उल्लेख किया गया है), तो इसका भारत सीमेंट्स के पूर्ति वक्र पर क्या प्रभाव पड़ेगा?<br><br>(iii) 'सीमेंट की बाजार कीमत में ₹ 300 से बढ़कर ₹ 400 प्रति बोरी तक की उल्लेखनीय वृद्धि हुई।' आपके विचार से इस वृद्धि के लिए कौन से कारण उत्तरदायी थे? | <br><br><br><br><br><br><br><br><br>2<br><br>1<br><br>3 |